छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नया रायपुर

क्रमांक 94/पंचा/ग्रास्वअ/मु.स./2018 नया रायपुर, दिनांक04/04/2018

प्रति,

समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़

विषयः– "ग्राम स्वराज अभियान" का आयोजन ।

----000----

भारत सरकार पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा 14 अप्रैल से 05 मई 2018 तक "ग्राम स्वराज अभियान" मनाने का निर्णय लिया है। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, ग्रामीण गरीब जनता तक पहुँच बनाना, योजनाओ के कियान्वयन पर प्रतिकिया प्राप्त करना, नवाचार, किसानो की आय को दुगुना करने पर जोर, आजीविका के अवसरो को बढ़ावा देना एवं राष्ट्रीय प्राथमिकताओ जैसे स्वच्छता एवं पंचायती राज संस्थाओ का सुदृढ़ीकरण पर जोर देना है।

"ग्राम स्वराज अभियान" के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियो तथा उनके आयोजन हेतु नोडल विभागो का विवरण संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है। इस संबंध में संबंधित विभागो की बैठक आयोजित कर गतिविधियो के आयोजन/ संचालन की विस्तृत रूपरेखा तैयार किया जाय। साथ ही साथ कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गो, महिला स्वसहायता समूहो तथा पंचायत प्रतिनिधियो का बड़े स्तर पर सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु तैयारी की जाय। "ग्राम स्वराज अभियान" में माननीय सांसद, माननीय विधायक, तथा जिला पंचायतो के अध्यक्षो को आमंत्रित किया जाय।

"ग्राम स्वराज अभियान" के अन्तर्गत जनसाधारण हेतु ग्राम पंचायतो को उपलब्ध कराये जाने वाली राशि तथा उससे ली जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में संबंधित विभागो द्वारा जानकारी देने पर विशेष जोर दिया जाय। तत्संबंध में जानकारी का दीवार लेखन (भितचित्र), फलेक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।"ग्राम स्वराज अभियान" की जानकारी का प्रचार–प्रसार के लिए प्रिंट आउट तथा दृश्य–श्रव्य के माध्यम का भरपूर उपयोग किया जाय, एवं स्थानीय समाचार पत्रो द्वारा "ग्राम स्वराज अभियान" का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाय।

"ग्राम स्वराज अभियान" के समापन उपरान्त सभी जिलों में आयोजित गतिविधियो का विस्तृत फोल्डर (पुस्तिका) तैयार किया जाकर आवश्यक रूप से दिनांक 10/05/2018 तक पंचायत संचालनालय इन्द्रावती भवन नया रायपुर को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

यथोपरि :–

1. दिनांक वार कार्यकम ।
2. भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय का पत्र।
3. गतिविधियों का विवरण।

(आर.पी. मण्डल) 04/4/18
अपर मुख्य सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

क्रमांक 95/पंचा/ग्रास्वअ/मु.स./2018 नया रायपुर, दिनांक 04/04/2018

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्रीजी, छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रालय, नया रायपुर।
2. सचिव, भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय का पत्र कमांक D.O.No.J.11011/21/2018. Media दिनांक 31 मार्च 2018 के संदर्भ मे सूचनार्थ।
3. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छत्तीसगढ़ शासन को सूचनार्थ तथा संलग्न पत्रों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।

4. आयुक्त/संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़, नया रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. संचालक, पंचायत संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अपर मुख्य सचिव 04/4/18
छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

परिशिष्ट—एक

"ग्राम स्वराज अभियान" अंतर्गत दिनांक 14 अप्रैल से 05 मई 2018 के मध्य विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन

| क्र. | दिनांक | गतिविधियॉ | नोडल विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 14 अप्रैल 2018 | सामाजिक न्याय दिवस | आदिम जाति एवं अनुसुचित जाति विकास विभाग |
| 2 | 18 अप्रैल 2018 | स्वच्छ भारत दिवस | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग |
| 3 | 20 अप्रैल 2018 | उज्जवला दिवस | खाद्य विभाग |
| 4 | 24 अप्रैल 2018 | राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग |
| 5 | 28 अप्रैल 2018 | ग्राम स्वराज दिवस | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग |
| 6 | 30 अप्रैल 2018 | आयुष्मान भारत दिवस | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग |
| 7 | 02 मई 2018 | किसान कल्याण दिवस | कृषि विभाग |
| 8 | 05 मई 2018 | आजीविका दिवस | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा कौशल विकास विभाग |

नोटः— विभिन्न तिथियों को आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का विवरण भारत सरकार के संलग्न पत्र में दर्शित है।

O CHIEF SECRETARY
Govt of Chhattisgarh
DAK-CS- 3423
Date: 31 MAR 2018

सचिव
भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA
Ministry of Panchayati Raj
Krishi Bhawan, New Delhi-110001
Tel: 91-11-23383008, 23074309
Fax: 91-11-23389028
E-mail: secy-mopr@nic.in

Secy

1 APR 2018

D.O. No. J-11011/21/2018-Media

March 31, 2018

**Subject: Gram Swaraj Abhiyaan 14th April to 5th May 2018**

Dear Chief Secretary,

As you are aware, it is proposed to conduct "Gram Swaraj Abhiyan"(Village Self-Governance Campaign) from 14th April to 5th May, 2018. The objective of this *Abhiyaan* is to promote Social harmony, reach out to poor rural households, obtain feedback on ongoing programmes, enroll in new initiatives, focus on doubling farmers income, enhance livelihood opportunities and re-emphasize national priorities such as cleanliness and strengthen Panchayati Raj Institutions.

2. The details of commemorative days along with proposed dates are enclosed herewith in English and Hindi. It is requested that all concerned State Government Departments may be directed from your end to initiate preparations for celebrating the days as per enclosed schedule of the campaign. Every possible effort needs to be made to ensure that all sections of the community participate in the campaign and the campaign is meaningful, motivating and informative. This will involve mobilization of people, involvement of women Self-Help Groups, meticulous planning, large scale orientation of Panchayat representatives and officials, and systematic monitoring.

3. Separate advisories to concerned State Departments, District offices and Blocks may be sent for making this campaign more interactive, effective and citizen centric. Members of Parliament (MPs), Members of Legislative Assemblies (MLAs) and District Panchayat Presidents may be invited to these meetings and their suggestions to make the campaign effective be sought.

4. An important aspect of the campaign this year will be the public disclosure to Gram Panchayats (GPs) regarding disegregated funds and the activities to be carried out in each GP area, for each of the schemes implemented by the line departments. This public disclosure should be made in the form of a Wall Painting or a Flex in the Panchayat area.

5. Necessary IEC material in the form of print and audio visual aids may be provided for the use of District, Block and Gram Panchayats in Regional language/ Hindi/English. These materials should be read out and discussed in the Gram Panchayats.

Contd...2/

31 MAR 2018
ACS, P&RD

The spirit of the Gram Swaraj Abhiyaan would need to be conveyed to the local leve
6. Face to face discussions and video conferences as we
representatives, as well as officials. Media of all kind may be use
written materials may be used to communicate the message.
to spread the message of the campaign. Information may be provided in the print an
electronic media. The *Gram Swaraj Abhiyan* should be covered widely in the media. Drawin
and painting competitions, as well as essay competitions in Bal Panchayats may b
organized. Social media may be leveraged fully.

7. The details of activities to be undertaken on important commemorative days i.
24th April *National Panchayati Raj Day*, 28th April 2018, *Gram Swaraj Diwas* and 5th Ma
2018 *Ajeevika Diwas*(Swa-sahayta Sammelan) are given in the Annexure. Howeve
regarding the activities to be undertaken by other Ministries, State Government departmen
may be requested to be in direct touch with them for further details of respective programmes.

8. At the end of the Abhiyaan, State Governments are requested to submit a detailed
report on activities undertaken during the campaign. I am sure that with the coordinated effort
of the State Governments, the Gram Swaraj Abhiyaan will be a grand success.

With personal regards and best wishes,

Yours sincerely

(Amarjeet Sinha

Encl: As above.

To:
<u>The Chief Secretaries of all the States and UTs</u>

अनुबंध

गतिविधियों का विवरण :

## 14 अप्रैल, 2018 सामाजिक न्याय दिवस

(i) यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाएगा। भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जंयती को सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

(ii) इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन माननीय प्रधान मंत्री देश को सीधे संबोधित करेंगे।

## 18 अप्रैल, 2018 स्वच्छ भारत दिवस

(i) यह कार्यक्रम पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाएगा।

(ii) इस दिन सभी ग्राम पंचायतों खास तौर पर गैर ओडीएफ पंचायतों में स्वच्छता आंदोलन चलाया जाएगा। इन ग्राम पंचायतों को ओडीएफ ग्राम पंचायत बनाने के प्रयासों को तेज किया जाएगा। ओडीएफ प्लस की प्रक्रिया को फास्ट ट्रैक पर लाया जाएगा।

(iii) जिला प्रशासन स्वयं या ग्राम पंचायतों के माध्यम से निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित कर सकते हैं:

- प्रगति पर और आगे की रणनीतियों पर अपडेट के लिए एसबीएमजी की प्रगति की उप जिला अधिकारियों और स्वच्छ भारत टीम के साथ समीक्षा ।
- जिला प्रशासन उन ग्राम पंचायतों (जीपी) का दौरा कर सकते हैं जहां स्वच्छता पर सबसे कम काम हुआ हो।
- ग्राम पंचायत द्वारा अपने गांवों में जुड़वां गड्ढे (डबल पिट) वाले शौचालयों की सफाई या खुदाई करके श्रमदान किया जा सकता है।
- ग्रामीणों के साथ ग्राम पंचायत में "रात्रि चौपाल" का आयोजन किया जा सकता है
- श्रमदान करने के लिए स्थानीय मशहूर हस्तियों / नेताओं को जुटाया जा सकता है।
- भवन के महत्व और शौचालयों के उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करने के साथ घर-घर स्वच्छता रैली का आयोजन करना।
- इस अवसर पर स्थानीय मशहूर हस्तियों, भरोसेमंद नेताओं, समुदायों के नेताओं का स्वच्छता-संबंधित संदेश देने के लिए जुटाव करना

- "निगरानी" का नेतृत्व करने के लिए लोगों को खुले में शौच करने के लिए मैदान में जाते वक्त मिलना और उन्हें शौचालय बनाने और शौचालयों का उपयोग करने के लिए मनाना / समझाना
- जिला प्रशासन अपने जिलों में स्वच्छ भारत मिशन में किए गए प्रगति के विषय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकता है और उपर्युक्त गतिविधियों में से किसी पर स्थानीय और राष्ट्रीय मीडिया को संलग्न कर सकता है।

## उज्ज्वला दिवस 20 अप्रैल, 2018

- यह कार्यक्रम पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाएगा।
- मंत्रालय एलपीजी की सुरक्षा और उपयोगिता के बारे में उज्ज्वला लाभार्थियों को साफ ईंधन के उपयोग के स्वास्थ्य लाभों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर एलपीजी पंचायत बैठकों का आयोजन करेगा।
- उज्ज्वला के विस्तारित श्रेणियों के लिए केवाईसी फॉर्म एकत्र किए जाएंगे
- उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को ग्राम पंचायत / ब्लॉक / जिला स्तर के समारोहों के दौरान एलपीजी गैस सिलेंडर वितरित किया जाएगा।

## 24अप्रैल, राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम :

- इस दिन राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह मनाने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का कार्रूक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ई- पंचायत पुरस्कार, पंचायतों को दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली ग्राम सभाओं को नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार जैसे राष्ट्रीय पुरस्कारों का वितरण माननीय प्रधान मंत्री द्वारा किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ पंचायत योजना के लिए इस वर्ष से पुरस्कारों की एक और श्रेणी ग्राम पंचायत विकास योजना(जीपीडीपी) पुरस्कार शुरू किया जा रहा है।

- सुशासन के मॉडल का, भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं जिनमें ग्राम पंचायतों की प्रमुख भूमिका हो की सफलता की कहानियों के साथ किए गए प्रदर्शन के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

- माननीय प्रधान मंत्री देश के सभी ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे। संबोधन के सीधा प्रसारण की व्यवस्था दूरदर्शन द्वारा किया जाएगा। ऑल इंडिया रेडियो भी माननीय प्रधान मंत्री जी के संबोधन का प्रसारण करेगा।

- दिनांक 22 अप्रैल, 2018 को दूरदर्शन द्वारा माननीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री का टेली ब्रिजिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें माननीय मंत्री से अनुरोध किया जाएगा कि वे दूर-दराज के पीआरआई सदस्यों और लाभार्थियों से बातचीत करे।

राज्य स्तरीय गतिविधियां :

(i) इस अभियान को अधिक इंटरेक्टिव, प्रभावी और नागरिक केंद्रित बनाने के लिए राज्य सरकार, जिला कार्यालयों और ब्लॉक द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ए / वी और न्यू मीडिया (सोशल मीडिया, मास मेलिंग, वल्क एसएमएस आदि) के माध्यम से प्रभावी आईईसी अभियान आयोजित किया जाएगा। संसद सदस्यों (सांसद), विधान सभा के सदस्य (विधायकों) और जिला पंचायत के अध्यक्षों को इन बैठकों में भाग लेने और अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव देने का अनुरोध किया जाएगा।

(ii) राज्य सरकार अंग्रेजी, हिंदी और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायतों के उपयोग के लिए प्रिंट और ऑडियो- विजुअल विज्ञापन के रूप में आवश्यक आईईसी सामग्री उपलब्ध कराएगा।

(iii) राज्य सरकार और जिला प्रशासन अभियान के संदेश को प्रसारित करने के लिए सभी प्रकार के मीडिया का उपयोग करेंगे।

(iv) राज्य सरकार प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में व्यापक रूप से ग्राम स्वराज अभियान के कवरेज को सुनिश्चित करेगी ।

(v) क्षेत्रीय स्तर पर, विभिन्न पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को उचित प्रचार देने के लिए राज्य सरकार सभी प्रयास करेगी। दूरदर्शन के क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से पुरस्कार विजेताओं की सफलता की कहानियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

ग्राम पंचायत स्तर की गतिविधियां :

**(i) ग्राम पंचायत स्तर के कार्यक्रम:** महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों अर्थात टीकाकरण और स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक विकास आदि पर चर्चा करने के लिए 24 अप्रैल 2018 को ग्राम पंचायत को विशेष ग्राम सभाओं को आयोजित करने के लिए अनुरोध किया जाएगा । आर्थिक और सामाजिक विकास पर फोकस करते हुए ग्रामीण आबादी तक पहुंच बनाने के लिए पंचायती राज मंत्रालय कैंपेन मोड में प्रयास करेगा । ग्राम सभा द्वारा जीपीडीपी तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

(ii) ड्राईंग और चित्रकला के साथ-साथ बाल पंचायतों में निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएंगी। सोशल मीडिया को पूरी तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है।

28 अप्रैल, 2018, शनिवार: ग्राम स्वराज दिवस

यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस दिन, लाभार्थियों को महत्वपूर्ण योजनाओं के हक नामतः प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रधान मंत्री सौभाग्य योजना आदि को प्रदान किया जायेगा। लाभार्थियों को लाभ के वितरण के लिए विभिन्न जिला स्तर के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

- जिला स्तर: आवास और प्रधान मंत्री सौभाग्य योजनाओं के लाभार्थियों को हकदारी का वितरण।
- यह समारोह दिवस जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में प्रधान मंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) और प्रधान मंत्री सहज बिजली हर घर योजना- सौभाग्य के लाभान्वितों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा, भारत सरकार की अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है। इस कार्यक्रम के दौरान, अन्य कार्यक्रमों के अलावा निम्नलिखित भी किये जायेंगे -

   i. विभिन्न कार्यक्रमों के तहत लाभार्थियों के लिए पात्रता का वितरण
   ii. विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में शामिल विभिन्न स्तरों (जिला/ब्लॉक/ग्राम पंचायत) के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को पुरस्कार।
   iii. ब्लॉक/ग्राम पंचायत के लिए पुरस्कार जो विभिन्न कार्यक्रमों का सर्वश्रेष्ठ कार्यन्वियन कर चुके हो।
   iv. नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से लाभार्थियों को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों एवं हकदारियों की व्याख्या करना।
   v. लाभार्थियों/कार्यकर्ताओं द्वारा अनुभव साझा करना ताकि अन्य को कार्य निष्पादन या लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित/प्रेरित किया जा सके।
   vi. मुफ्त 'कनेक्शन देने पर' विशेष जोर देते हुए जिले में विद्युतीकरण किये जाने वाले परिवारों की संख्या को प्रदर्शित करने, सौभाग्य योजना की शुरुआत के बाद की प्रगति और अनुप्रयोग आधारित कनेक्शन रिलीज के प्रदर्शन सहित सौभाग्य के विवरण को प्रदर्शित करने के लिए डिस्काम एक कियोस्क स्थापित कर सकता है ।
   vii. सौभाग्य के तहत प्रतीकात्मक 100-200 कनेक्शन जारी करना।

आयुष्मान भारत दिवस, 30 अप्रैल 2018

- यह आयोजन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाएगा।
- इस आयोजन के दौरान, चिकित्सा बीमा/आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी ग्राम पंचायत स्तर की बैठकों में लक्षित लाभार्थियों को प्रसारित की जाएगी। प्रत्येक पात्र परिवार के लिए अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए एक अभियान शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रसारित की जाएगी।

किसान कल्याण दिवस 2 मई 2018

- यह कार्यक्रम कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाएगा।

- इस दिन, 2022 तक किसानों की आय को दुगुना करने के प्रयासों हेतु सूचना का प्रसार करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आजीविका दिवस, 5 मई, 2018

- दिन का संयुक्त प्रयास – एनआरएलएम, डीडीयू-जीकेवाई (ग्रामीण विकास मंत्रालय) और कौशल विकास मंत्रालय

- राष्ट्रीय, राज्य और जिला/ब्लॉक स्तर पर आजीविका दिवस मनाया जाएगा। प्रत्येक राज्य और जिला/ब्लॉक स्तर पर योजनाबद्ध गतिविधियों की निम्नलिखित एक अस्थायी सूची है। यह योजना बनाई गई है कि सभी राज्यों के स्थानों की विस्तृत सूची 5 अप्रैल तक और गतिविधियों की एक विस्तृत सूची 15 अप्रैल 2018 तक उपलब्ध होगी।

क राज्य स्तर :-

- सभी राज्यों में ऑडियो और प्रिंट मीडिया और पारंपरिक और अन्य कला रूपों के माध्यम से, जहां तक संभव हो, आजीविका दिवस और ग्राम स्वराज अभियान गतिविधियों पर काम करेंगे।
- सभी राज्य विषय विशेषज्ञों के साथ पैनल चर्चा/सम्मेलन आयोजित करके इस दिवस को मनाएंगे। आजीविका, उद्यमशीलता, कौशल, सामाजिक विकास के मुद्दों पर विशिष्ट चर्चा के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण के विषय में चर्चाएं होंगी।

– राज्य के ग्रामीण विकास के लिए माननीय मंत्री या किसी अन्य अति विशिष्ट व्यक्ति को इस समारोह की अध्यक्षता करने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।

– प्रतिभागियों में बैंकर्स, पीआईए (डीडीयू-जीकेवाई के तहत) और आरएसईटीआई और एसएचजी महिलायें शामिल होंगी।

– जॉब ऑफर पत्र भी वितरित किए जाएंगे; आरएसईटीआई बाजार का आयोजन किया जाएगा

– सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले बैंकर्स और पीआईए के लिए पुरस्कार;

– माननीय प्रधान मंत्री जी के भाषण का सीधा प्रसारण

– आधे दिन का आयोजन

ख जिला/ ब्लॉक स्तर

- सभी राज्यों को ब्लाकों की पहचान करने के लिए कहा जाएगा जहां कार्यक्रम मनाया जाएगा, जो कि अनुमानतः 1500-2000 ब्लाकों में आयोजित होंगे। यह राज्यों के लिए जहां तक सुविधाजनक हो, इस आयोजन को जिला स्तर पर मनाया जा सकता है।
- यह उम्मीद है कि ब्लॉक स्तर के ये आयोजन ~ 500 प्रतिभागियों के लिए होंगे; अगर जिला स्तर पर यह आयोजित होता है तो अनुमानतः ~ 1500 प्रतिभागी होंगे; यह 3 घंटे का आयोजन होगा।
- प्रतिभागियों में निम्न शामिल हो सकते हैं: –
  - एसएचजी महिलायें, सीआरपी
  - डीडीयू-जीकेवाई, कौशल विकास मंत्रालय के उम्मीदवार
  - विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी
  - स्थानीय प्रशासनिक और राजनीतिक नेतृत्व
  - बैंकर्स

- सीएसओ और एनजीओ आदि

- माननीय प्रधान मंत्री का संदेश सभी प्रतिभागियों को प्रसारित किया जाएगा
- क्रियाकलापों में प्रभात फेरी, महिलाओं द्वारा उनकी सफलता की कहानियों की प्रस्तुतियां, बैंकरों और आरएसईटीआई की सफलता की कहानियों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी
- सरकारी विभागों द्वारा उनके विशिष्ट कार्यक्रमों और महिलाओं के अधिकारों पर प्रस्तुतियां,
- कौशल पंजीकरण के लिए पंजीकरण काउंटर
- नौकरी के प्रस्ताव पत्र वितरित किए जाएंगे
- डीएवाई-एनआरएलएम/डीडीयू-जीकेवाई/कौशल द्वारा फिल्मों की स्क्रीनिंग
- आरएसईटीआई उम्मीदवारों के लिए क्रेडिट शिविर
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- प्रचार के लिए प्रदेश आफ स्किल वैन

- सभी राज्यों द्वारा आयोजन के उपयुक्त दस्तावेज तैयार और प्रस्तुत किये जायेंगे, जिनमें किए गए कार्यों का विवरण, प्रतिभागियों की संख्या, मीडिया कवरेज और तस्वीरें शामिल होंगी। 25 मई 2018 तक एक अंतिम रिपोर्ट ग्रामीण विकास मंत्रालय को प्रस्तुत की जाएगी।

XXXXX